प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 11.07.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. सावन के पहले दिन बाबा धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़, कड़ी सुरक्षा के बीच अब तक 40 हजार कांवरियों ने किया जलाभिषेक।
2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में अब से थोड़ी देर बाद होगी राज्य कैबिनेट की बैठक, राज्यहित में विभिन्न विभागों के कई प्रस्तावों पर लगेगी मुहर।
3. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये 51 हजार से अधिक नवनियुक्त युवाओं को सौंपेगे नियुक्ति पत्र, रांची समेत देशभर में 47 स्थानों पर आयोजित होगा रोजगार मेला।
4. पलामू, लोहरदगा और कोडरमा समेत राज्य के छह जिलों में आज भारी बारिश का येलो अलर्ट, रांची के भी कई इलाकों में तेज हवा के साथ बारिश की संभावना।
5. झारखंड पुलिस में सिपाही के पद पर कार्यरत तेज नारायण बहरीन कबड्डी यूथ टीम के बनाये गये हेड कोच, 14 जुलाई को जायेंगे बहरीन।

*********************

सावन का पवित्र महीना आज से शुरु हो गया है। इसके साथ ही देवघर स्थित बाबाधाम में जलाभिषेक के लिए कांवरियों का सैलाब उमड़ पड़ा है। सुबह 4 बजे से ही बाबा बैद्यनाथ में श्रद्धालु जलार्पण कर रहे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि अब तक 40 हजार से ज्यादा कांवरियों ने जलाभिषेक किया है और अभी भी लंबी कतार लगी हुई है।

जलाभिषेक को लेकर श्रद्धालु बेहद उत्साहित दिख रहे हैं। वे सरकार की ओर से की गयी व्यवस्था से संतुष्ट हैं और सुगम व सुरक्षित तरीके से अरघा के माध्यम से बाबा को जलार्पण कर रहे हैं।

इस बीच राज्य के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने कहा है कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं।

*********************

दुमका के बासुकीनाथ में भी श्रद्धालुओं की बड़ी भीड़ देखी जा रही है। रांची के पहाड़ी मंदिर समेत राज्य के अन्य शिवालयों में भी आज सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा है। खूंटी के अमरेश्वर धाम में भी श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी है। उपायुक्त आर रोनिटा ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

*********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज दोपहर दो बजे से राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित की जायेगी। बैठक में विधानसभा के मानसून सत्र सहित जनहित से जुड़े कई प्रस्तावों को मंजूरी मिल सकती है। विधानसभा का मानसून सत्र एक से सात अगस्त तक होने की संभावना है।

*********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में 51 हज़ार से अधिक नवनियुक्त युवाओं को  नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। 16वां राष्ट्व्यापी रोज़गार मेला रांची समेत देश भर में 47 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। रांची में सीसीएल में आयोजित रोजगार मेले में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मौजूद रहेंगे।

*********************

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड–सीसीएल ने बिल्ड–ओन–ऑपरेट– बीओओ मॉडल पर आधारित अपनी पहली परियोजना न्यू कथारा कोकिंग कोल वाशरी के लिए आधिकारिक तौर पर अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। यह

परियोजना झारखंड के बोकारो जिले के कथारा क्षेत्र में स्थापित की जाएगी, जिसकी अनुमानित क्षमता तीन मिलियन टन प्रति वर्ष होगी।

*********************

सिमडेगा जिले में बरसात के दिनों में सर्पदंश की घटनाएं बढ़ गयी हैं। सर्पदंश से अब तक 11 लोगों की मौत हो चुकी है।

*********************

आज विश्व जनसंख्या दिवस है। यह दिवस हर साल 11 जुलाई को बढ़ती जनसंख्या की चुनौतियों और अवसरों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय है– मां और बच्चे के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए गर्भावस्था का स्वस्थ समय और अंतराल। झारखंड में भी इस अवसर पर कई जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

*********************

भारतीय शेयर बाजार के सूचकांक आज गिरावट के साथ खुले। सुबह सेंसेक्स 224 अंक की गिरावट के साथ 82,965 पर और निफ्टी 65 अंक की गिरावट के साथ 25,289 पर बंद हुआ।

*********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत 90 हजार एक सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी प्रति किलो एक लाख 13 हजार रूपये है।

*********************

मौसम विभाग ने राज्य के छह जिलों में आज भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। जिन छह जिलों में बारिश की चेतावनी जारी की गयी है उनमें गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, कोडरमा और लोहरदगा शामिल हैं। रांची के भी कुछ इलाकों में तेज हवा के साथ बारिश की संभावना है।

*********************

झारखंड पुलिस में सिपाही के पद पर कार्यरत तेज नारायण बहरीन कबड्डी यूथ टीम के हेड कोच बनाए गए हैं। तेज नारायण को 22 से 31 अक्टूबर तक बहरीन में आयोजित होनेवाली तीसरी यूथ एशियन गेम्स के दौरान मेजबान देश की बालक यूथ टीम को प्रशिक्षण देने की जिम्मेवारी सौंपी गई है। कबड्डी बालक वर्ग में कुल 14 टीमें हिस्सा लेंगी। बोकारो के रहनेवाले तेज नारायण 14 जुलाई को बहरीन के लिए रवाना होंगे।

*******************